BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 27/28 नवम्बर, 2024 | CRACKDOWN BULANDSHAHR | थाना कोतवाली नगर

पुलिस अभिरक्षा से फरार रिटायर्ड फौजी की हत्या की घटना कारित करने वाला 25,000/- रुपये के पुरस्कार घोषित बदमाश से स्वाट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से 01 बाइक व अवैध असलहा, कारतूस बरामद।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 27/28.11.2024 की रात्री को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लल्ला बाबू चौराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी उसी समय एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो नही रूके व मोटर साइकिल को लेकर तेज गति से वापस भागने लगे। जिनका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो वलीपुरा नहर के पास बदमाशों को घेर लिया गया। अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार किया गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी कांबिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। । गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. अजय उर्फ अज्जू शर्मा पुत्र नरेशचन्द्र शर्मा निवासी मौ0 रामबाड़ा थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर, के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, व एक बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं जिसके द्वारा दिनांक 21.06.2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत एक रिटायर्ड फौजी की हत्या करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-505/24 धारा 302 भादवि पंजीकृत हैं व दिनांक 06.11.2024 को माननीय न्यायालय में पेशी के दौराने अभियुक्त फरार हो गया था। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर पर मुअस-1000/24 धारा 261/262 बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- अजय उर्फ अज्जू शर्मा पुत्र नरेशचन्द्र शर्मा निवासी मौ0 रामबाड़ा थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस

2- 01 मोटरसाइकिल स्पलेंडर(बिना नम्बर प्लेट)

अभियुक्त अजय उर्फ अज्जू शर्मा का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 258/20 धारा 363 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

2. मुअसं- 779/20 धारा 398/401 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

3. मुअसं- 781/20 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

4. मुअसं- 505/24 धारा 302 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

5. मुअसं- 1000/24 धारा 261/262 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

6. मुअसं- 1069/24 धारा 109/317(2)/317(5) बीएनएस व 3/25/28 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।

2. उ0नि0 मोहसिन अहमद, उ0नि0 विपिन कुमार।

3. है0का0 मोहित मलिक, है0का0 कपिल, है0का0 कुल्दीप राठी।

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम-

1. उ0नि0 श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम।
2. है0का0 कपिल नैन, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार।

मीडिया सैल बुलन्दशहर